

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

अनमोल वचन

जिसने संघर्ष को अपना साथी बना लिया, उसने ही इस दुनिया में खुद को काबिल बना लिया ।

शनिवार 07 फ़रवरी 2026 बर्ष 02 अंक 132 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com www.keshavtvbihar@gmail.com


## दिगंबर जैन धर्मशाला में चार तीर्थयात्रियों के शव मिलने से सनसनी

## बेंगलुरु के रहने वाले थे सभी, बंद कमरे में फंदे से लटके मिले शव

*अनुमंडल संवाददाता, राजगीर, राजीव लोचन की रिपोर्ट।*





केशववाणी । राजगीर (नालंदा)। पर्यटक नगरी राजगीर स्थित दिगंबर जैन धर्मशाला में शुक्रवार को चार तीर्थयात्रियों के शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। धर्मशाला के एक कमरे से तीन महिलाओं और एक पुरुष का शव फंदे से लटका हुआ बरामद किया गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।मिली जानकारी के अनुसार सभी मृतक कर्नाटक के बेंगलुरु के निवासी थे और जैन धर्म के अनुयायी बताए जा रहे हैं। धर्मशाला इंचार्ज मुकेश जैन ने बताया कि चारों 31 जनवरी को नेपाल से होते हुए राजगीर पहुंचे थे और कमरा नंबर 6 एबी में ठहरे थे। कमरे की बुकिंग जी.आर. नागा प्रसाद के नाम से की गई थी।बताया जा रहा है कि कमरे से दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचना दी गई। दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश करने पर चारों शव फंदे से लटके मिले। तीनों महिलाओं के हाथ पीछे की ओर बंधे थे तथा उनके मुंह पर लाल रंग का टेप चिपका हुआ था, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक भारत सोनी, एसडीओ, डीएसपी सहित अन्य अधिक. ारी मौके पर पहुंचे।

एसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।पुलिस के अनुसार बेंगलुरु के स्थानीय थाना से मिली जानकारी में मृतकों की पहचान नागा प्रसाद, उसकी 73 वर्षीय मां और दो बहनों के रूप में हुई है। इनमें से एक बहन तलाकशुदा बताई जा रही है। कमरे से आधार कार्ड, पैन कार्ड, नकद राशि और काफी सामान भी बरामद हुआ है, जिससे प्रतीत होता है कि वे घर से पूरा सामान लेकर निकले थे।फिलहाल धर्मशाला के स्टाफ, आसपास के लोगों और संपर्क में आए व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। एसपी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा संच. ालित धर्मशालाओं में आगंतुकों की पहचान संबंधी सख्त नियम लागू करने पर भी विचार किया जाएगा, क्योंकि कमरे की बुकिंग के समय केवल नाम और आधार नंबर ही दर्ज किया गया था, जिससे जांच में कठिनाई हो रही है।घटना को लेकर पूरे इलाके में दहशत और चर्चा का माहौल है।





## अनुकम्पा के आधार पर 24 आश्रितों को मिली नियुक्ति, डीएम ने वितरित किए नियुक्ति पत्र

शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट। केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार पटना के निर्देश के आलोक में सेवा अवधि के दौरान मृत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति देने हेतु शुक्रवार को जिला पदाधिकारी नालंदा श्री कुंदन कुमार की अध्यक्षता में अनुकम्पा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उन आश्रितों के मामलों पर विचार किया गया, जो शैक्षणिक अंक 45 प्रतिशत से कम होने अथवा निध. ारित आयु सीमा से अधिक होने के कारण 25 सितंबर 2025 की बैठक में नियुक्ति से वंचित रह गए थे। शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेशों के तहत 45 प्रतिशत अंक की अनिवार्यता को शिथिल करते हुए तथा आयु सीमा में छूट प्रदान कर ऐसे अभ्यर्थियों को पात्रता दी गई है।सचिव–सह–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बिहार के आदेश संख्या 2814 एवं 2816 दिनांक 26 सितंबर 2025 के तहत न्यूनतम अंक की बाध्यता समाप्त की गई, जबकि उपनिदेशक, माध्यमिक शिक्षा के आदेश संख्या 2835 दिनांक 4 अक्टूबर 2025 के माध्यम से आयु सीमा में छूट प्रदान की गई।

विभागीय निर्देशों के अनुपालन में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए कुल 24 आश्रितों को नियुक्ति दी गई। जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त द्वारा 16 विद्यालय लिपिक और 8 विद्यालय परिचारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी नालंदा, स्थ. ापना उपसमाहर्ता बिहारशरीफ तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हड़ौल गांव में आग से झुलसकर वृद्ध की मौत, मुख्यमंत्री अनुग्रह योजना से परिजनों को ₹4 लाख सहायता



रानी सिन्हा की रिपोर्ट। केशववाणी । नूरसराय (नालंदा)। नूरसराय प्रखंड के नीरपुर पंचायत अंतर्गत हड़ौल गांव में शुक्रवार अहले सुबह एक दर्दनाक हादसे में 60 वर्षीय वृद्ध की आग से झुलसकर मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।मृतक की पहचान देवन यादव (60 वर्ष), पिता प्रसादी यादव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवन यादव सुबह शौच के लिए घर से बाहर गए थे। लौटने के बाद ठंड से बचने के लिए घर के पास आग जलाई। इसी दौरान पास में रखे पुआल के ढेर में आग लग गई, जो तेजी से फैलते हुए उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। जब तक लोग आग पर काबू पाते, तब तक देवन यादव की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही नूरसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मॉडर्न अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया।घटना की जानकारी मिलने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं प्रभारी अंचलाधिकारी जियाउल हक भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की तथा मुख्यमंत्री अनुग्रह अनुदान योजना के तहत मृतक के पुत्र पिंटू यादव को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा।

## नगर परिषद हिलसा में भ्रष्टाचार के विरोध में दूसरे दिन भी तालेबंदी, पार्षदों का धरना जारी

अमर वर्मा की रिपोर्ट। केशववाणी । हिलसा (नालंदा)। नगर परिषद हिलसा में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक मनमानी के विरोध में पार्षदों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा। पार्षदों ने नगर परिषद कार्यालय के मुख्य द्वार पर तालेबंदी कर धरना प्रदर्शन किया।





धरने के दौरान उपमुख्य पार्षद दुर्गा देवी ने आरोप लगाया कि मुख्य पार्षद और कार्यपालक पदाधिक. ारी के मनमाने रवैये से सभी पार्षद परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यों में पार्षदों की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिससे जनहित के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

पार्षदों का कहना है कि दो दिनों के आंदोलन के बावजूद वार्ता के लिए न तो कार्यपालक पदाधिक. ारी पहुंचे और न ही मुख्य पार्षद ने कोई पहल की।

वहीं वार्ड पार्षद मो. परवेज ने चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी एवं मुख्य पार्षद द्वारा की जा रही लूट–खसोट और अनियमितताओं के खिलाफ वे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।धरनास्थल पर पार्षदों ने प्रशासन से शीघ्र वार्ता कर समस्याओं के समाधान की मांग की है।








# परिमार्जन की त्रुटि से अटकी किसान रजिस्ट्रेशन एवं फार्मर रजिस्ट्री, बीडीओ ने बुलाई पैक्स अध्यक्षों व मुखियाओं की बैठक

जयलेंदर कुमार की रिपोर्ट। केशववाणी थरथरी (नालंदा)। प्रखंड के पुरानी अस्पताल भवन में प्रखंड विकास पदा. धिकारी गौरी कुमारी की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति लाने को लेकर पैक्स अध्यक्षों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ अहम बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान पैक्स अध्यक्षों ने स्पष्ट रूप से कहा कि भूमि परिमार्जन में व्याप्त त्रुटियों एवं अंचल कर्मचारियों की घोर लापरवाही के कारण रजिस्ट्रेशन,फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। जिसके कारण बड़ी संख्या में परिमार्जन मामले लंबित रहने से किसानों का पंजीकरण समय पर नहीं हो पा रहा है। पैक्स अध्यक्षों ने कहा कि जब तक अंचल स्तर पर परिमार्जन कार्य में तेजी नहीं लाई जाती, तब तक फार्मर रजिस्ट्री , या रजिस्ट्रेशन को गति मिलना संभव नहीं है।




इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिक्षा कुमारी ने रजिस्ट्री प्रक्रिया की जानकारी दी, वहीं बीडीओ गौरी कुमारी ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में पैक्स अध्यक्ष सुभाष प्रसाद सिंह, प्रमोद कुमार, राजवल्लभ यादव, चंद्रमणि प्रसाद, दिनेश प्रसाद, दिवाकर प्रसाद पैक्स प्रबंधक, सुनील चौधरी मुखिया उपस्थित थे।

# महेशपुर गांव से 15 वर्षीय किशोर लापता परिजनों ने हरनौत थाना में दर्ज कराई शिकायत

राकेश पासवान की रिपोर्ट। केशववाणी हरनौत (नालंदा)। थाना क्षेत्र के नेहुसा पंचायत अंतर्गत दैली महेशपुर गांव से एक 15 वर्षीय किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है।

लापता किशोर की पहचान महेशपुर गांव निवासी छोटे पासवान के पुत्र अमन कुमार (15 वर्ष) के रूप में हुई है। अमन की मां फूला देवी ने बताया कि उनका पुत्र 5 फरवरी 2026 की सुबह साइकिल लेकर घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा।

परिजनों ने बताया कि बेटे के नहीं लौटने पर सभी रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की गई, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद जानकारी नहीं मिलने से परिवार के लोग काफी परेशान हैं और किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं।



इस संबंध में परिजनों ने हरनौत थाना में लिखित आवेदन देकर प्रशासन से बालक की शीघ्र खोजबीन करने की गुहार लगाई है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए परि. जनों की मदद से लापता किशोर की तलाश शुरू कर दी है।

# विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल मेला व स्पोर्ट्स मीट का आयोजन, 'परीक्षा पे चर्चा' का लाइव प्रसारण दिखाया गया

गुड्डू कुमार की रिपोर्ट। केशववाणी कतरीसराय (नालंदा)। कतरीसराय, नालंदा प्रखंड क्षेत्र के नामित मध्य विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए सामूहिक वार्षिक बाल मेला, स्पोर्ट्स मीट, अभिभावक संगोष्ठी एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बाल मेले के दौरान अभिभावकों के साथ संगोष्ठी आयोजित कर बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं नैतिक विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया।




वहीं प्रखंड के +2 विद्यालयों में टेलीविजन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि परीक्षा जीवन का केवल एक हिस्सा है, अंतिम लक्ष्य सिर्फ परिणाम नहीं बल्कि सर्वांगीण विकास होना चाहिए। उन्होंने छात्रों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रहने, आत्मविश्वास बनाए रखने और पढ़ाई को बोझ नहीं बल्कि सीखने की प्रक्रिया के रूप में अपनाने की सलाह दी। 'परीक्षा पे चर्चा' का उद्देश्य छात्रों को मानसिक रूप से मजबूत बनाना और पढ़ाई के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है।कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में उत्साह, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच देखने को मिली, जिससे शिक्षा के प्रति उनका रुझान और अधिक मजबूत हुआ।

# सोहसराय धर्मशाला में ठाकुर जी राधा-कृष्ण की मूर्ति स्थापना व देव प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट। केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)। सोहसराय स्थित श्री राधा कृष्ण ठाकुरबारी मंदिर परिसर में शुक्रवार, 6 फरवरी 2026 (फागुन कृष्ण पंचमी) को ठाकुर जी राधा–कृष्ण महाराज की मूर्ति स्थापना एवं देव प्राण प्रतिष्ठा समारोह श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान, वैदिक मंत्रोच्चार और पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

समारोह के दौरान आचार्य वैदिक वेद बिहार एवं आचार्य रोशन शास्त्री द्वारा विधि–विधान से पूजा–अर्चना और प्राण प्रतिष्ठा की रस्में पूरी कराई गईं। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान राधा–कृष्ण के दर्शन कर सुख–समृद्धि की कामना की।



कार्यक्रम में धर्मशाला अध्यक्ष सम्राट अजय पासवान, सज्जन कुमार, विशाल आनंद, संजीत कुमार, सूर्य प्रकाश गुप्ता, अजीत गोप, संजय कुमार, अशोक पांडे सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने समारोह की सफलता में सक्रिय सहयोग दिया।मौके पर प्रसाद वितरण एवं भजन–कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

## नालंदा की विरासत

# बेल्वाडोव तालाब की उड़ाही से बढ़ सकती है कुंड की धार – सालों पहले पूर्व मंत्री तरुण जी ने करायी थी बेल्वाडोव तालाब की उड़ाही

**बेल्वाडोव तालाब –**

## बेल्वाडोव तालाब की उड़ाही से बढ़ सकती है धार–

*अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट। केशववाणी*

राजगीर (नालंदा) – पर्यटक नगरी राजगीर विश्व पटल पर गर्म कुंड के लिए जाना जाता है। यहां देस के कोने–कोने के अलावा विदेशो से लाखों की संख्या में पर्यटक हर साल गर्म जलधारा का लाभ लेने आते हैं। ढाई साल पर लगने वाले मलमास मेला में तो ऐसी मान्यता है कि सनातन धर्म के तैंतीस कोटि देवी–देवता का एक माह तक राजगीर में ही वास होता है। इस कारण इस मास में कुंड स्नान के लिए देस ही नहीं विदेश से भी लाखों की संख्या में आते हैं और तीर्थ लाभ उठाते हैं।

मौजूदा समय में ऐसी स्थिति हो गयी है कि यहां के 22 कुंड व 52 धाराओं में से आधे से अधिक पहले ही सूख चुके हैं और कई की धार कम हो गयी है। इससे शहरवासियों के साथ पंडा कमेटी चिंता बढ़ती जा रही है। लोगों की मानें तो पहले यहां के कुंडों में काफी तेज धार बहती थी। वैतरणी हो या सरस्वती नदी सबों में काफी पानी आता था। जंगल से होकर आने वाली पानी की कल–कल करती आवाज से मनोरम वादियों में एक स्वर लहरी गुंजती हुई नदी में पानी आती थी जिसमें स्नान करते थे और दर्जनों



*गांवों के हजारों एकड़ खेतों की पटवन होती थी। राजगीर के विकास के साथ इधर कुछ सालों से कुंड व नदी की पानी पर कुछ ज्यादा ही प्रभाव पड़ा है। वैभारगिरि जिसे लोग पांचवा पहाड़ कहते हैं वाले क्षेत्र के कुंडों में ज्यादा ही असर पड़ा है। इस पहाड़ की तलहट्टी में कुंड से लेकर सीआरपीएफ कैम्प तक के क्षेत्र में बड़े–बड़े बोरिंग का होना भी एक कारण बताया जा रहा है। वहीं राजगीर के आस–पास क्षेत्र में कई मनोरंजन के तालाब व पानी से खेल करने वाले मनोरंजन के साधन बनाये गए हैं। इनमें पानी की बर्बादी हो रही है। इससे भी शहर व कुंड के वाटर लेवल पर असर पड़ा है। लोगों ने बताया कि कुंड के पानी की धार का कम होने के पीछे कई कारण हैं। कम वर्षा का होना, बेल्वाडोव तालाब की सालों से उड़ाही न होना, कुंड के आस–पास बड़े–बड़े ठंडे व गर्म बोरिंग का होना, पाण्डु पोखर तालाब का होना भी एक अहम कारण है। तालाब में भी पहाड़ से पानी की सोई आती है। इससे भी पानी प्रभावित हो सकती है।*

कुंड अगर नहीं रहेगा तो आने वाले दिनों में विश्व पटल से राजगीर का पहचान मिट सकती है। कुंड को बचाना होगा। इसके लिए सभी राजगीर के लोगों को एक स्वर में आवाज उठाने की जरूरत है।

## 22कुंडों में ये हैं शामिल–

पंडा कमेटी के डॉ. धीरेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि 22 कुंड व 52 धारा है। कुंडों में सरस्वती कुंड, मार्कण्डेय कुंड, व्यास कुंड, अनंत ऋषि कुंड, गंगा–यमुना कुंड, ब्रह्मकुंड–सप्तधारा, काशी धारा कुंड, अहिल्या कुंड, राम–लक्ष्मण कुंड, गणेश कुंड, चन्द्रमा कुंड, सीता कुंड, सूर्य कुंड, गौरी कुंड, ननहक(शीतल कुंड) कुंड, गोदावरी कुंड, वैतरणी कुंड, दुरूखहरणी कुंड, शालीग्राम कुंड, भरत कुप कुंड, श्रृंगऋषि कुंड, सन–सनातन सनक नंदन कुमार कुंड तपोवन शामिल हैं। इन कुंडों में सरस्वती में चार धारा, मार्कण्डेय में एक, व्यास कुंड में एक, अनंत ऋषि में एक, गंगा–यमुना में दो, ब्रह्मकुंड व सप्तधारा में आठ, काशीधारा में दो, अहिल्या में तीन, राम–लक्ष्मण में दो, गणेश में तीन, चन्द्रमा में एक, सूर्यकुंड में दो, सीता में दो, गौरी में एक, भरत कुप में एक, श्रृंगऋषि में दो, सन–सनातन सनक नंदन कुमार कुंड तपोवन में सात, अग्निधारा गिरियक की पहाड़ी में तीन, वेंगा धारा में एक सहित अन्य धाराएं हैं। सप्तधारा में यमदगनी मुनि, अगस्त मुनि, वशिष्ठ मुनि, अतरी मुनि, गौतम मुनि, भारद्वाज मुनि, कपिल मुनि शामिल हैं। काशी धारा में कश्यप मुनि धारा शामिल है।

## बेल्वाडोव तालाब की उड़ाही से बढ़ सकती है धार–

वैभारगिरि पर स्थित बेल्वाडोव तालाब का कुंड की धार से सीधा असर हो सकता है। जानकार व पुराने लोगों की मानें तो इसकी उड़ाही करवा दी जाय तो कुंड की धार बढ़ सकती है। सालों पहले पहले इस तालाब की उड़ाही पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री स्व. सुरेन्द्र प्रसाद तरुण ने करवायी थी। उसका उस समय सीधा असर हुआ था। मौजूदा समय में बेल्वाडोव तालाब में गाद भरा पड़ा है। तालाब पूरी तरह से सूख गयी है। यह तालाब पहाड़ पर बाबा सिद्धनाथ मंदिर से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर है। हालांकि कुछ साल पहले जब दिल्ली से टीम आयी थी उसके बाद तालाब की वन विभाग द्वारा उड़ाही करायी गई। यह उड़ाही महज एक कोरम पूरा कर दिया गया और एक फीट ही उड़ाही की गई थी।

# पटना में 8 फरवरी को होम्योपैथिक साइंस कांग्रेस 2026 का आयोजन, केंद्रीय व राज्य मंत्री करेंगे उद्घाटन

रानी सिन्हा की रिपोर्ट केशववाणी । पटना। होम्योपैथिक साइंस कांग्रेस सोसाइटी, पटना द्वारा आगामी 8 फरवरी 2026 को "होम्योपैथिक साइंस कांग्रेस 2026" का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महान वैज्ञानिक एवं दूरदर्शी खोजकर्ता डॉ. बी. साहनी की 101वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र पूर्वाह्न 11 बजे ए.एन. सिन्हा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल स्टडीज, नॉर्थ वेस्ट गांधी मैदान, पटना में आयोजित होगा। इसमें देशभर के होम्योपैथिक चिकित्सक, शिक्षाविद, शोधकर्ता और मेडिकल छात्र भाग लेंगे।

इस अवसर पर भारत सरकार के जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन करेंगे। वहीं बिहार सरकार की पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्रीमती रमा निषाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उप. स्थित रहेंगी।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय आयोग होम्योपैथी, नई दिल्ली के शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. रजत चट्टोपाध्याय, होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएमएआई) के तत्कालीन पूर्व अध्यक्ष डॉ. आदिल चिमठनवाला, होम्योपैथिक साइंस कांग्रेस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. एम. के. साहनी, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के होम्योपैथी संकाय के डीन डॉ. भारत कुमार सिंह, डॉ. रामजी सिंह







सहित बिहार व झारखंड के सभी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य और कई वरिष्ठ चिकित्सक सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

आयोजन समिति के अनुसार, इस कांग्रेस का उद्देश्य होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शोध और आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देना तथा चिकित्सकों के बीच ज्ञान–विनिमय का मंच उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डॉ. मेघा लॉयर, डॉ. रजत द्विवेदी, डॉ. बलवंत कुमार सिंह, डॉ. बृज मोहन प्रसाद एवं डॉ. पंकज कुमार सिंह सहित आयोजन समिति के सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## धान चोरी कांड का खुलासा: पिकअप वाहन बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

रानी सिन्हा की रिपोर्ट 'केशववाणी | नूरसराय (नालंदा)। नूरसराय थाना पुलिस ने धान चोरी के मामले का आठ दिनों के भीतर सफल उद्भेदन करते हुए चोरी में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन बरामद किया है तथा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, 26 जनवरी की रात मुजफ्फरपुर गांव स्थित एसएच–78 किनारे मुजफ्फरपुर पंचायत पैक्स के गोदाम से धान की चोरी हुई थी। इस संबंध में पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार निराला ने 27 जनवरी को अज्ञात चोरों के विरुद्ध नूरसराय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि तकनीकी अनुसंधान और छापेमारी के दौरान बुधवार रात सतरह नंबर के समीप से चोरी में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद किया गया। साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के ग्वाल बिगहा निवासी सुभाष प्रसाद उर्फ पुजारी के पुत्र सूरज कुमार उर्फ बुगल तथा संजय प्रसाद के पुत्र सनसन कुमार के रूप में हुई है। दोनों की निशानदेही पर पता चला कि चोरी किए गए 45 बोरा धान को एकंगरडीह स्थित 'श्री कुबेर भंडार' नामक गल्ला दुकान में बेच दिया गया था। दुकान मालिक श्रवण कुमार ने धान खरीदने की बात स्वीकार की है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। इस चोरी की घटना में कुल तीन लोगों की संलिप्तता सामने आई है। तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# पटना में ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा 90वां शिव महोत्सव का शुभारंभ, साध्वियों की उपस्थिति में हुआ उद्घाटन

प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट 'केशववाणी | पटना। शहर के पॉलीटेक्निक मोड़ स्थित संत लुईस स्कूल के समीप लोटस अपार्टमेंट, न्यू कॉलोनी रोड में प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा 90वें शिव महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम आध्यात्मिक वातावरण और भक्ति भावना के बीच संपन्न हुआ।

महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर संस्थान से जुड़ी कई साध्वियों एवं ब्रह्माकुमारी बहनों की उपस्थिति रही। उन्होंने शिव महिमा, आध्यात्मिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए लोगों को आंतरिक शांति, सकारात्मक सोच और सदाचार का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान ध्यान, प्रार्थना और आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि शिव महोत्सव के





माध्यम से समाज में आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना ही मुख्य उद्देश्य है।

# लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत डीएम ने 10 मामलों की सुनवाई की, कई शिकायतों का मौके पर निपटारा

केशववाणी | बिहारशरीफ (नालंदा)। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में जिला पदाधिकारी नालंदा श्री कुंदन कुमार ने शुक्रवार को 10 मामलों की सुनवाई की। इस दौरान कई मामलों का निपटारा सुनवाई से पूर्व ही संबंधित विभागों द्वारा कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

सुनवाई के क्रम में परिवादी दौलती देवी की बकाया पेंशन भुगतान से संबंधित शिकायत का निष्पादन किया गया। वहीं शत्रुघ्न प्रसाद एवं संजय शर्मा की अतिक्रमण संबंधी शिकायतों का भी समाधान कराया गया। शुभम कुमार की अतिक्रमण हटाने की शिकायत का भी मौके पर निष्पादन किया गया।परिवादी इंद्रजीत कुमार द्वारा सोराडीह की सड़क मरम्मत की मांग पर जिलाधिकारी ने ग्रामीण सड़क मरम्मत की मांग पर जिलाधिकारी ने ग्रामीण कार्य विभाग, हरनौत से रिपोर्ट तलब की। रॉकी कुमार की बिजली का खंभा ऊंचा करने की समस्या का समाधान कराया गया।

सूरज कुमार की अतिक्रमण मुक्त कराने तथा राकेश प्रसाद की राशन कार्ड बनाने से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की तिथि आगे बढ़ाई गई। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना की दो बकाया किस्तों के भुगतान से जुड़ी शिकायत का भी निष्पादन किया गया। नवीन कुमार सिंह की आदेश अनुपालन से संबंधित समस्या का भी समाधान कराया गया।

सुनवाई के दौरान जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।






# नालंदा के 5 निजी कॉलेजों पर शिकंजा, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में गड़बड़ी की आशंका, 10 फरवरी तक जांच रिपोर्ट का अल्टीमेटम

केशववाणी । नालंदा। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में संभावित अनियमितताओं को लेकर शिक्षा विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। राज्य के 13 जिलों में संचालित 60 निजी कॉलेजों की जांच का आदेश दिया गया है। नालंदा जिले के भी पांच निजी संस्थान इस जांच के दायरे में आए हैं।

जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय ने बताया कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अप्रत्याशित रूप से बढ़े आवेदनों और डाटा अपलोड में पाई गई अनियमितताओं को देखते हुए यह कार्रवाई की जा रही है। सभी संबंधित जिलों को निर्देश दिया गया है कि जांच कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (लेखा) की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की जाएगी। समिति संस्थानों की भौतिक स्थिति के साथ–साथ दस्तावेजों की गहन जांच करेगी। हर हाल में 10 फरवरी तक जांच प्रतिवेदन योजना के राज्य प्रभारी पदाधिकारी मोहम्मद नसीम अहमद को सौंपना अनिवार्य होगा।
शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि जांच में सहयोग नहीं करने या रिपोर्ट देने में देरी करने वाले संस्थानों के छात्र–छात्राओं को योजना के लाभ से वंचित किया जा सकता है। इसके अलावा संबंधित संस्थानों की मान्यता पर भी कार्रवाई की जा सकती है।डीईओ ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 में जिला निबंधन सह परामर्श केंद्रों पर वार्षिक




केंद्रों पर वार्षिक लक्ष्य के मुकाबले 117 प्रतिशत आवेदन प्राप्त हुए, जबकि सत्र 2025–26 में यह आंकड़ा 121 प्रतिशत तक पहुंच गया है। हालांकि कुल आंकड़ा सकारात्मक प्रतीत होता है, लेकिन कुछ निजी संस्थानों में आवेदनों की संख्या असामान्य रूप से अधिक पाई गई है, जिससे गड़बड़ी की आशंका गहराई है।जांच समिति द्वारा संस्थानों की वैधानिक अनुमति, विश्वविद्यालय से संबद्धता, पाठ्यक्रम, सीटों की संख्या, वास्तविक नामांकन, शुल्क संरचना, शिक्षकों और कर्मचारियों की संख्या, छात्रों की उपस्थिति, बुनियादी ढांचा, वेबसाइट की स्थिति तथा जियो–टैगिंग के माध्यम से भवन और कक्षाओं की पुष्टि की जाएगी। इसके साथ ही छात्रों से सीधा फीडबैक भी लिया जाएगा।

जांच के दायरे में पटना के 28, नालंदा के 5, मुजफ्फरपुर, गया और वैशाली के 4–4, पूर्वी चंपारण और औरंगाबाद के 4–4, बेगूसराय के 2 तथा अररिया, सीवान, जमुई, पूर्णिया और सीतामढ़ी के एक–एक निजी संस्थान शामिल हैं।

नालंदा जिले में जिन पांच संस्थानों की जांच होगी, उनमें निभा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस, गौतम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिक्स, आरएल पॉलिटेक्निक कॉलेज, केके विश्वविद्यालय और डी.पी. सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन शामिल हैं।

# फीस न देने पर रोकी उपस्थिति, नालंदा के निजी स्कूल पर आरटीई कानून उल्लंघन का आरोप, डीएम ने डीईओ को दिए जांच के निर्देश

केशववाणी । नालंदा। जिले में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) की अनदेखी का एक गंभीर मामला सामने आया है। बिहारशरीफ स्थित एक निजी विद्यालय पर आरटीई के तहत नामांकित छात्रा से जबरन फीस वसूलने और भेदभावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगा है। मामला जिलाधिकारी कुंदन कुमार के संज्ञान में आने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है।

शुक्रवार को सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा अपने दादाजी के साथ जिलाधिकारी से मिलने पहुंची। छात्रा ने बताया कि उसका नामांकन शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत एक निजी विद्यालय में हुआ है, इसके बावजूद विद्यालय प्रबंधन लगातार उससे फीस की मांग कर रहा है। फीस नहीं देने पर उसकी विद्यालय उपस्थिति दर्ज नहीं की जा रही है, जिससे उसकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

छात्रा ने यह भी आरोप लगाया कि विद्यालय में उसके साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। इस कारण वह मानसिक रूप से परेशान और हीन भावना की शिकार हो रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) को तलब किया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मामले की अविलंब जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि छात्रा तत्काल विद्यालय जाना शुरू करे और भविष्य में उसके साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो।

**डीईओ को सौंपी गई जांच की जिम्मेदारी**

जिलाधिकारी ने पूरे प्रकरण की जांच का दायित्व जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा है। जांच के दौरान विद्यालय प्रबंधन की भूमिका, शुल्क वसूली और उपस्थिति रोकने से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की जाएगी।

जिलाधिकारी ने आशंका जताई कि कुछ निजी विद्यालय त्ज्म के तहत नामांकित विद्यार्थियों से अवैध रूप से फीस वसूल रहे हैं, जबकि दूसरी ओर सरकार से प्रतिपूर्ति राशि का दावा भी कर रहे हैं। यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि दोहरी कमाई का गंभीर मामला भी है।

उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले के सभी निजी विद्यालयों की शीघ्र बैठक बुलाकर त्ज्म अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि किसी भी छात्र–छात्रा को परेशानी न हो।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2011 के तहत निजी विद्यालयों में त्ज्म के अंतर्गत नामांकित बच्चों को निःशुल्क शिक्षा और विद्यालय में उपलब्ध सभी सुविधाएं प्रदान करना अनिवार्य है। इसके बदले सरकार संबंधित विद्यालय को प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान करती है।

अधिनियम में स्पष्ट प्रावधान है कि त्ज्म के अंतर्गत नामांकित छात्र–छात्राओं के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा और उन्हें सामान्य छात्रों के समान सभी शैक्षणिक सुविधाएं प्राप्त होंगी।







